# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/मा–स/22407/2017–23 दिनांक : 30/6/23

**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी**
**एवं पदेन परियोजना समन्वयक**
**समग्र शिक्षा अभियान**

**विषय :–** "आपणी लाडो" बालिका शिक्षा हेतु समुदाय जागृति कार्यक्रम के सम्बन्ध में जारी दिशा–निर्देश के कम में।

**प्रसंग :–** राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर का पत्र दिनांक : 20.06.2023

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्रानुसार राज्य के समस्त जिलों में सभी राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बालिका शिक्षा हेतु "समुदाय जागृति कार्यक्रम" मनाने का प्रावधान किया गया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बालिकाओं को विद्यालयों में जोड़ने, ठहराव सुनिश्चित करने एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु सभी विद्यालयों द्वारा एक रैली आयोजित की जायेगी एवं बालिकाओं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पोस्टर का निर्माण कर सार्वजानिक स्थलों पर लगाये जायेगा।

उल्लिखितानुसार प्रासंगिक पत्र मय संलग्नकों के प्रेषित कर लेख है कि "आपणी लाडो" बालिका शिक्षा हेतु समुदाय जागृति कार्यक्रम के सम्बन्ध में जारी दिशा–निर्देश की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करावें।

**संलग्न : यथोक्त।**

Rajasthan Education Department

**(डॉ. अरूण कुमार शर्मा)**
स्टाफ ऑफिसर
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

**प्रतिलिपिः**– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
2. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
3. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाते हुए समस्त संस्था–प्रधानों को ई–मेल प्रेषित करने बाबत।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक।
5. समस्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।
6. समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।
7. समस्त संस्था–प्रधान।
8. रक्षित पत्रावली।

स्टाफ ऑफिसर
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान

Signature valid
Digitally signed by Arun Kumar
Designation : District Education Officer
Date: 2023.06.30 16:43:35 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4162696

Ps/mis/740/23
20.6.23


# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

द्वितीय से पंचम तल, ब्लॉक-5, शिक्षा संकुल परिसर,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 17

फोन नं: 0141–2709114 email : cmsmsa2018@gmail.com फैक्स: 0141–2701622


क्रमांक : रास्कूशिप/जय/सामु.गति./आपणी लाडो/दिशा–निर्देश/2023–24/2000 दिनांक : 20/6/2023

## दिशा निर्देश

## (सत्र 2023–24)

## "आपणी लाडो" बालिका शिक्षा हेतु समुदाय जागृति कार्यक्रम

प्रस्तावना :–

**"बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ"** कार्यक्रम बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने एवं बालिकाओं के कल्याण से सम्बन्धित सभी विषयों पर जागृति फैलाने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एसएमसी एवं एसडीएमसी सदस्य/स्थानीय प्राधिकारी/जनप्रतिनिधि एवं शिक्षकों के साथ सभी हितधारकों की जागृति एवं सहभागिता अत्यन्त आवश्यक है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए राज्य के समस्त जिलों में सभी राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बालिका शिक्षा हेतु **"समुदाय जागृति कार्यक्रम"** मनाने का प्रावधान किया गया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बालिकाओ को विद्यालयों में जोडने, ठहराव सुनिश्चित करने एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु सभी विद्यालयों द्वारा एक रैली आयोजित की जायेगी एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पोस्टर का निर्माण कर सार्वजनिक स्थलों पर लगाये जायेगें। वर्ष 2023–24 के वार्षिक कार्ययोजना बजट समस्त जिलों के 53005 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों हेतु राशि ₹ 132.5125/– लाख व 15539 माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों हेतु राशि ₹ 38.8475/– लाख का प्रावधान है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के Task No. 198 अनुसार Social Issue and Stigmas पर प्रधानाचार्य, परामर्शदाता और विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाया जाना है जिससे शिक्षा की मुख्य धारा से अलग–थलग एवं वंचित वर्ग को मुख्य धारा में शामिल किया जाये।

Signature valid
Digitally signed by Dr. Mohan Lal Yadav
Designation: State Project Director
Date: 2023.06.16 14:05:19 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3857095

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

**क्रियाविधि :–**

- राज्य के समस्त जिलों के सभी राजकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में जुलाई माह में एक रैली एवं एसएमसी/एसडीएमसी की बैठक आयोजित की जायेगी। **एसएमसी/एसडीएमसी, अध्यापकों व समुदाय के सहयोग से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पोस्टर का निर्माण कर सार्वजनिक स्थलों पर लगाये जायेंगी।**
- रैली से एक दिन पूर्व ही बच्चों को रैली के आयोजन एवं उद्देश्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायें।
- **"बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ"** कार्यक्रम की राज्य सरकार द्वारा **ब्रान्ड एम्बेसेडर** बनाई गयी सुश्री **"अवनि "** टोक्यो पैराओलम्पिक में स्वर्ण पदक विजेता की जीवन की सफलता की कहानी का वृत्तान्त भी बताया जाये।
- प्रातः रैली आयोजित की जायेगी, जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक–शिक्षिकायें भाग लेंगे। अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों को भी यथासंभव रैली में सम्मिलित किया जायें। रैली में प्रचार–प्रसार हेतु बैनर, छोटे–छोटे बोर्ड, तख्तियाँ आदि तैयार की जाये। इसके लिए अध्यापकों एवं बच्चों से सहयोग लिया जाये।
- **बैनर** एवं तख्ती आदि पर बालिका शिक्षा एवं अन्य बालिकाओं से सम्बन्धित विषयों पर **स्लोगन** कवितायें जानकारी आदि लिखे जायें।
- रैली विद्यालय के कैचमेंट एरिया के सभी गलियों एवं मौहल्लों से निकाली जाये। इस गतिविधि के लिए प्रति विद्यालय ₹ 250/- का प्रावधान किया गया है। इस राशि का उपयोग बैनर, तख्ती आदि सामग्री तैयार करने में किया जाये।
- राशिं का व्यय एसएमसी/एसडीएमसी के माध्यम से किया जाए एवं व्यय का पूर्ण अभिलेख भी संधारित कर रखा जाए। प्रचार–प्रसार हेतु बनाई जाने वाली सामग्री विद्यालय अभिलेखों में संधारित कर विद्यालय में सुरक्षित रखें।
- रैली की सूचना/पोस्टर गाँव के मुख्य स्थानों जैसे :– ग्राम पंचायत, बाजार आदि स्थानों पर चस्पा की जाए। रैली में एएनएम/आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/आशा सहयोगिनी आदि को भी आमंत्रित किया जाए।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

Signature valid
Digitally signed by Dr. Mohan Lal Yadav
Designation : State Project Director
Date: 2023.06.16 14:05:19 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3857095



Scanned with OKEN Scanner

रैली/पोस्टर सार्वजनिक स्थान पर लगाये जाने के बाद एसएमसी/एसडीएमसी की बैठक में "बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ" कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की जायें :–

- विद्यालय में बालिकाओं के नामांकन कम होने का कारण।
- बालिकाओं के अधिक ड्राप–आउट का कारण।
- नामांकन बढ़ाने एवं ड्राप–आउट कम करने के उपाय एवं इसमें समुदाय की भूमिका।
- बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य।
- बालिकाओं के लिए अलग से शौचालय एवं उसकी सफाई की व्यवस्था।
- स्थानीय परिस्थितियों से सम्बन्धित बालिकाओं से जुड़े विशेष मुद्दे।
- केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा बालिकाओं हेतु संचालित लाभकारी योजनाओ की जानकारी

**नोट :– रैली व बैठक के दौरान महिला/बालिका रोल मॉडल को आमंत्रित कर उनके संघर्ष/सफलता** के अनुभवों की प्रस्तुती करवायी जाये तथा **सुश्री अवनि ब्रांड एम्बेसेडर "बेटी बचाओ–बेटी** पढ़ाओ" की संघर्ष/सफलता की कहानी दोहरायी जाये।

- उपरोक्त के अलावा बालिकाओं से सम्बन्धित अन्य ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है। इस बैठक के निष्कर्ष में बालिकाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं उसमें अभिभावकों, स्थानीय प्राधिकारियों/जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, छात्रों एवं अन्य हितधारकों की भूमिका को भी स्पष्ट किया जाये। उक्त कार्यक्रम में ऐसे अभिभावकों को सम्मानित किया जा सकता है जिनकी बेटियों ने शैक्षिक व सहशैक्षिक क्षेत्र में अपने गाँव/क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्ति की हो। बैठक का संचालन एवं संयोजन का दायित्व पीईईओ/संस्था प्रधान या उनके द्वारा नामित किसी अन्य अध्यापक का होगा। गतिविधि के आयोजन के उपरान्त गतिविधि से सम्बन्धित फोटोग्राफ्स व रिकार्ड संधारित किया जायेगा, जो अधिकारियों के अवलोकन हेतु विद्यालय में सुरक्षित रहेगा।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

**<u>लेखा स्तर पर उल्लेखनीय बिन्दु :–</u>**

1. जिस मद के लिए राशि उपलब्ध कराई जा रही है, व्यय उसी मद में ही किया जायें।

Signature valid
Digitally signed by Dr. Mohan Lal Yadav
Designation : State Project Director
Date: 2023.06.16 14:05:19 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3857095

2. व्यय राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र निर्धारित प्रपत्र में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

3. राशि का उपयोग योजना के दिशा–निर्देशों, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की गाईड लाईन एवं लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 एवं वित्तीय
नियमों की पूर्ण पालना करते हुये विहित प्रक्रियानुसार किया जाना सुनिश्चित किया जावें।

**नोटः–गतिविधि संचालन के दौरान कोविड–19 के सन्दर्भ में चिकित्सा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जारी गाईडलाइन तथा राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा समय–समय पर जारी समस्त दिशा–निर्देशो का पूर्णता से पालन किया जाना सुनिश्चित करें।**

(डॉ. मोहन लाल यादव)
राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त

क्रमांक : रास्कूशिप/जय/सामु.गति./आपणी लाडो/दिशा–निर्देश/2023–24/ 2000 दिनांक : 20/6/2023

**प्रतिलिपि :–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है :–**

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री महोदय, राजस्थान सरकार।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्यमंत्री महोदया, राजस्थान सरकार।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
4. निजी सचिव, विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
5. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
6. निजी सचिव, निदेशक: प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
7. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक, (I & II) राज. स्कू. शिक्षा परिषद्, जयपुर।
8. निजी सहायक, वित्तीय सलाहकार, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
9. उपायुक्त (योजना एवं शालादर्पण), राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
10. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, समस्त जिला को पालनार्थ।
11. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिला को पालनार्थ।
12. रक्षित पत्रावली।

Rajasthan Education Department

Signature valid
Digitally signed by Dr. Mohan Lal Yadav
Designation : State Project Director
Date: 2023.06.16 14:05:19 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3857095

# Aapni Lado

## Physical and Financial Target of Districts 2023-24

(Rs. in Lakhs)

| S.No. | DISTRICT | Total no. of School PS/Ups | Per School @250 Rs. | Total No. of Govt. Composite Sr. Sec. Schools* | Per School @250 Rs. | Total School (Ele+ Sr.Sec.) | Per School @250 Rs. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Phy. | Fin. | Phy. | Fin. | Phy. | Fin.(in lakhs) |
| 1 | AJMER | 1326 | 3.3150 | 534 | 1.3350 | 1860 | 4.6500 |
| 2 | ALWAR | 2028 | 5.0700 | 805 | 2.0125 | 2833 | 7.0825 |
| 3 | BANSWARA | 2740 | 6.8500 | 462 | 1.1550 | 3202 | 8.0050 |
| 4 | BARAN | 1283 | 3.2075 | 312 | 0.7800 | 1595 | 3.9875 |
| 5. | BARMER | 4076 | 10.1900 | 728 | 1.8200 | 4804 | 12.0100 |
| 6 | BHARATPUR | 1213 | 3.0325 | 560 | 1.4000 | 1773 | 4.4325 |
| 7 | BHILWARA | 2306 | 5.7650 | 581 | 1.4525 | 2887 | 7.2175 |
| 8 | BIKANER | 1575 | 3.9375 | 455 | 1.1375 | 2030 | 5.0750 |
| 9 | BUNDI | 982 | 2.4550 | 281 | 0.7025 | 1263 | 3.1575 |
| 10 | CHITTAURGARH | 1407 | 3.5175 | 413 | 1.0325 | 1820 | 4.5500 |
| 11 | CHURU | 893 | 2.2325 | 519 | 1.2975 | 1412 | 3.5300 |
| 12 | DAUSA | 1178 | 2.9450 | 389 | 0.9725 | 1567 | 3.9175 |
| 13 | DHAULPUR | 848 | 2.1200 | 291 | 0.7275 | 1139 | 2.8475 |
| 14 | DUNGARPUR | 2276 | 5.6900 | 406 | 1.0150 | 2682 | 6.7050 |
| 15 | GANGANAGAR | 1455 | 3.6375 | 490 | 1.2250 | 1945 | 4.8625 |
| 16 | HANUMANGARH | 727 | 1.8175 | 369 | 0.9225 | 1096 | 2.7400 |
| 17 | JAIPUR | 2776 | 6.9400 | 995 | 2.4875 | 3771 | 9.4275 |
| 18 | JAISALMER | 1095 | 2.7375 | 198 | 0.4950 | 1293 | 3.2325 |
| 19 | JALOR | 1475 | 3.6875 | 398 | 0.9950 | 1873 | 4.6825 |
| 20 | JHALAWAR | 1358 | 3.3950 | 330 | 0.8250 | 1688 | 4.2200 |
| 21 | JHUNJHUNU | 1009 | 2.5225 | 540 | 1.3500 | 1549 | 3.8725 |
| 22 | JODHPUR | 2814 | 7.0350 | 737 | 1.8425 | 3551 | 8.8775 |
| 23 | KARAULI | 1116 | 2.7900 | 327 | 0.8175 | 1443 | 3.6075 |
| 24 | KOTA | 772 | 1.9300 | 323 | 0.8075 | 1095 | 2.7375 |
| 25 | NAGAUR | 2275 | 5.6875 | 768 | 1.9200 | 3043 | 7.6075 |
| 26 | PALI | 1333 | 3.3325 | 505 | 1.2625 | 1838 | 4.5950 |
| 27 | PRATAPGARH (RAJ.) | 1509 | 3.7725 | 214 | 0.5350 | 1723 | 4.3075 |
| 28 | RAJSAMAND | 1418 | 3.5450 | 310 | 0.7750 | 1728 | 4.3200 |
| 29 | SAWAI MADHOPUR | 779 | 1.9475 | 314 | 0.7850 | 1093 | 2.7325 |
| 30 | SIKAR | 1347 | 3.3675 | 647 | 1.6175 | 1994 | 4.9850 |
| 31 | SIROHI | 762 | 1.9050 | 240 | 0.6000 | 1002 | 2.5050 |
| 32 | TONK | 1170 | 2.9250 | 344 | 0.8600 | 1514 | 3.7850 |
| 33 | UDAIPUR | 3684 | 9.2100 | 754 | 1.8850 | 4438 | 11.0950 |
| | **Total** | 53005 | 132.5125 | 15539 | 38.8475 | 68544 | 171.36 |

Rajasthan Education Department

Signature valid

Digitally signed by Dr. Mohan Lal Yadav
Designation : State Project Director
Date: 2023.06.16 14:05:19 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3857095